Get 100% value of your old Gold in exchange
Make Your money worth
Vineet Jewellers
22K & 18K Jewellery Showroom
Sadar Bazar, Shahjahanpur
9335510137, 9794719070 | www.vineetjewellers.com

## एक नजर

### जब्त वाहन आवासों के सामने से हटाने की मांग

**रौसर कोठी।** वसुंधरा एंक्लेव आवास विकास कल्याण समिति बरेली मोड़ ने पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में पुलिस चौकी अजीजगंज की ओर से जब्त और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को आवासों के सामने खड़े करने पर रोष व्यक्त किया गया। शनिवार को समिति के अध्यक्ष राजेश गिरी के नेतृत्व में सचिव श्याम प्रकाश मिश्रा समेत तमाम लोग एसपी से मिलने पहुंचे। उन्होंने बताया कि बरेली मोड़ स्थित पुलिस चौकी के आसपास सड़क पर और आवासों के सामने दुर्घटनाग्रस्त और जब्त किए गए वाहन स्थाई रूप से खड़े रहते हैं। जिसकी वजह से कॉलोनी वासियों को आवागमन में दिक्कत होती है। गोल चौराहे पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। समस्या के संबंध कई बार चौकी प्रभारी से वार्ता की, लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ। सभी ने एसपी से वाहनों को खाली पड़े भूखंडों या पुलिस की ओर से चिह्नित किसी वैकल्पिक स्थान पर खड़े कराए जाने की मांग उठाई ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस मौके पर सोहन लाल तिवारी, विजय सक्सेना, मनोज, सुधीर आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज

**शाहजहांपुर।** व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने बताया कि व्यापारी समाज की समस्याओं के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले 13 शहीद व्यापारियों की याद में प्रत्येक वर्ष 26 मई को '' व्यापारी शहीद दिवस मनाया जाता है। जिसके क्रम में आज रविवार को सुबह 11 :30 बजे व्यापार मंडल कैंप कार्यालय कन्हैया हौजरी नई बिल्डिंग निकट उत्सव मैरिज लॉन पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें व्यापार मंडल के लिए समर्पित पांच पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

# राजा मार्केट में अतिक्रमण पर चली जेसीबी, वकील व ईओ में नोकझोंक

## नगर पालिका ने चलाया नाले और सड़क पटरी से अतिक्रमण हटाने का अभियान



अतिक्रमण हटाती नगर पालिका की जेसीबी। ● अमृत विचार



अतिक्रमण हटाने के दौरान ईओ सत्येंद्र प्रकाश व वकील गौरव मिश्रा के बीच होती नोकझोंक।

संवाददाता, पुवायां

● बारिश से पहले सड़कों पर जलभराव से निपटने की तैयारी, जाम की समस्या से भी मिलेगी निजात

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ने दुकानदारों द्वारा नाले और सड़क पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटाने का काम शुरू कर दिया है। नाले पर अतिक्रमण से पानी के निकास में समस्या और जल भराव की स्थिति बन जाती है। साथ ही सड़क पटरी पर अतिक्रमण से भीड़-भाड़ व जाम की समस्या बनी रहती है।

अतिक्रमण हटाने के दौरान ईओ सत्येंद्र प्रकाश और वकील गौरव मिश्रा में तीखी नोंकझोंक हुई, जिसके बाद वकील गौरव मिश्रा ने नगर पालिका के कार्य में सहयोग करने को कहा। पुवायां में अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बन चुकी है। नगर के सभी मुख्य मार्गों पर छोटे और बड़े दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। सड़क किनारे रोड पटरी से लेकर नाला के ऊपर तक निर्माण करवा रखा है। नाले पर अतिक्रमण के चलते पानी के निकास की समस्या के साथ ही जलभराव की स्थिति बन जाती है। बरसात से पहले सड़कों पर जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नगर पालिका परिषद ने नालों की सफाई का अभियान शुरू किया गया है। इसी के साथ ही जाम की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका परिषद के ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने सड़क पटरी पर अतिक्रमण करने वालों को भी अतिक्रमण हटाने के हिदायत दी। शनिवार को राजा मार्केट में नाला की सफाई का कार्य चल रहा था। तभी नाले पर किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिये नगर पालिका परिषद के ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने जेसीबी मशीन बुला ली और मशीन से तोड़-फोड़ करानी शुरू कर दी। इसी बीच वकील गौरव मिश्रा ने जेसीबी से तोड़-फोड़ करने का विरोध करते हुए कहा कि वह अपने मकान के सामने खुद मजदूरों से तुड़वा रहे हैं। तब तक एक तरफ से सफाई कराइए। इस पर ईओ ने जेसीबी को रोक दिया और सभी से नगर के सफाई कार्य में सहयोग करने को कहा। ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने कहा कि नाले की सफाई हो जाएगी तो मार्केट के दुकानदारों को ही बरसात में सहूलियत होगी। जल भराव नहीं होगा। इसलिए सभी व्यापारी सफाई में सहयोग करें।

### जल्द ही बस स्टैंड के सामने से भी हटेगा अतिक्रमण

नगर पालिका परिषद के ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने कहा कि नगर के सभी मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। पूरे नगर में नाली-नालों की सफाई कराई जाएगी, जिससे कि आगे बरसात में नगर में जलभराव न हो सके और अतिक्रमण के कारण यातायात में कोई दिक्कत न हो।

## 584 ग्राम पंचायतों में आयोजित होगी किसान पाठशाला

● डी डी कृषि ने किसानों से की अधिक संख्या में भाग लेने की अपील

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** किसानों की फसलों, उनके उत्पादन व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए जिले की 124 न्याय पंचायतों की 584 ग्राम पंचायतों में कृषि विभाग की ओर से ग्राम पंचायत स्तरीय किसान पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसकी शुरुआत 27 मई से होगी। किसान पाठशाला में किसानों को कृषि, गन्ना, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य आदि विभागों की जानकारियां कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की ओर से दी जाएगी। पाठशालाओं का आयोजन ग्राम पंचायत के प्राथमिक स्कूल में 27-28 मई (प्रथम शेड्यूल), 29-30 मई( द्वितीय), 31 मई से 1 जून ( तृतीय मॉड्यूल), 5-6 जून (चतुर्थ), 10-11 जून (पंचम ), 12-13 जून (षष्ठम), 14-15 जून (सप्तम), 19-20 जून (अष्टम शेड्यूल) तक होगा। समय दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक रखा गया है। जानकारी देते हुए डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा किसान भाग लें लाभ उठाएं।

### पांच घरों में लगी आग सामान जलकर राख

**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव चक चंद्रसेन में शुक्रवार की रात अचानक आग लग गई। जिसमें डोरी, वारिस अली, चुनरी, शफी मोहम्मद व रफी मोहम्मद के छप्परदार घर जल कर खाक हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि आग शफी अहमद के घर में लगी और देखते ही देखते उसने बाकी घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से अनाज साइकिल, बक्से में रखा गृहस्ती का सामान और कपड़े, चारपाई, बिस्तर आदि जलकर राख हो गया। बारिश अली के लड़के की परचून की दुकान का सामान भी जल गया। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 व फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, जिसने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि किसी को नुकसान नहीं हुआ।



आग से जले घर के बाहर खड़े लोग।

School Education ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

EXCELLENT IAS ACADEMY
www.excellentias.org
विगत 14 वर्षों की सफलता के साथ.....सिविल सेवा परीक्षा के लिये समर्पित बरेली का सर्वोत्तम संस्थान
अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
IAS/PCS नये बैच शीघ्र प्रारम्भ अब रामपुर गार्डन में
उपदेश कुमार (डिप्टी जेलर) उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा 2023 में चयनित
7983948124, 9935264849 FULLY AC SMART CLASS ROOMS
L/2A35, रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE Learn · Assimilate · Transcend BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm. BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Shahjahanpur : Near Kapoor Motors Store, Sadar Bazar Ph.: 9105050225
Lakhimpur : Near YDPG College, Below Gurukul Library Ph.: 9519746040
Gola : Cinema Road, Near Anil Printers Ph.: 8765805042
Jalalabad : Near S.S. mart Bareilly Road, Ph.: 7054100556
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9105050222 | www.futureinstitutions.org

## नगरायुक्त ने देखी नालियों व शौचालय की सफाई व्यवस्था



नागरिकों से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● जलापूर्ति व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने शनिवार को केरूगंज, बिसरात, रोजा आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर नाले-नालियों व शौचालयों के सफाई कार्य की स्थिति देखी। उन्हें नाले-नालियों की सफाई होते हुए मिली।

नगर आयुक्त ने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बरसात से पहले ही महानगर क्षेत्र में स्थित सभी बड़े व छोटे नालों की सफाई का कार्य करा लें, जिससे बरसात के समय कहीं पर जलभराव की स्थिति न हो। लोगों से उनकी दिक्कतें सुनने के साथ ही सफाई व खाद्य निरीक्षकों से कहा कि नालों की विशेष सफाई कराए जाने के साथ-साथ नालों से निकलने वाली सिल्ट/मलबे को भी तत्काल साफ कराएं, जिससे आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके साथ ही क्षेत्र में स्थित शौचालय की सफाई व्यवस्था को देखा। उन्होंने निर्देशित किया कि आम लोगों की सुविधा के लिए शौचालयों में विशेष सफाई व्यवस्था रखने के साथ-साथ जलापूर्ति व प्रकाश बिंदुओं को दुरुस्त रखा जाए। इस दौरान सहायक अभियंता जलकल प्रेम चंद्र आर्य, अवर अभियंता जलकल सूरज प्रजापति, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सतेंद्र कटियार आदि मौजूद रहे।

## रैंप वॉक पर बच्चों ने दी बेहतरीन प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



डोरेमोंस इंटरनेशनल स्कूल में प्रमाण पत्र पाकर खुशी व्यक्त करते बच्चे। ● अमृत विचार

● डोरेमोंस स्कूल में समर कैंप का समापन, बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया प्रोत्साहित

**अमृत विचार :** प्रताप इंक्लेव स्थित डोरेमोंस इंटरनेशनल स्कूल में पांच दिन से चल रहे समर कैंप का शनिवार को समापन हो गया। जिसमें मुख्य अतिथि एनटीएसएसपी कोचिंग सेंटर के प्रबंधक अभिषेक शुक्ला और अमित शुक्ला रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

कार्यक्र में मॉडलिंग के लिए तैयार बच्चों ने अतिथियों के सामने रैंप वॉक कर बेहतरीन प्रस्तुति देकर उनका मन मोह लिया। बच्चों के साथ सभी अतिथि व अभिभावक भी रैम वॉक करके आंनंदित हुए। अतिथियों ने संबोधन में कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ इस तरह की एक्टिविटीज होना अति आवश्यक है, जिसमें बच्चों में उत्साह देखने को मिलता है और उनका सर्वांगीण विकास होता है।

प्रधानाचार्या दीपमाला रस्तोगी ने बताया कि समर कैंप का मकसद बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को निखारना व उनके आंतरिक रुचि के क्षेत्र को पहचानना है। इसके पश्चात अतिथियों व कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

बच्चों व अभिभावकों की आधिक मांग पर स्कूल की अन्य शाखा डोरेमोंस प्ले स्कूल, छोटाचौक में 27 मई से पुनः समर कैंप शुरु हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन अंशिका बाथम ने किया। इस मौके पर आकांक्षा मिश्रा, चारु अग्निहोत्री, मानसी रोहरा, इकरा खान, शुभम, शंकर सर, मुकेश सर, विशाल, चांदनी, कंचन इशिता, युवराज आदि अध्यापक-अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

### जुंबा, क्लासिकल में पारंगत हो रहे बच्चे



शाहजहांपुर। तक्षशिला पब्लिक स्कूल के समर कैंप में चौथे दिवस शनिवार को कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने कंप्यूटर (एचटीएमएल) गतिविधि के अंतर्गत (वेबसाइट बनाना) शिक्षिका मुद्रिका के निर्देशन में सीखा। कक्षा केजी के बच्चे शिक्षिका अनुप्रिया, बुशरा के निर्देशन में जुंबा नृत्य सीख रहे हैं। कक्षा 1 से 3 के बच्चों को गुजराती तथा पहाड़ी नृत्य (सबा,अमृता तथा मुस्कान) तथा कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों को क्लासिकल डांस का (अखिल, गीतिका, तथा एकता ) के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ नृत्य सीखने में रुचि ले रहे हैं। इसके अलावा कैंप में कक्षा 4 व 5 के बच्चे स्मिता तथा रसिका मेहरोत्रा के निर्देशन में स्केटिंग का आनंद लेते नजर आए। अंत में प्रबंधक मनु खंडेलवाल ने गतिविधियों का निरीक्षण करके बच्चों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने शिक्षकों के द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की सराहना की।

SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
SSVGI
Creating Winners for Life
Enroll Now
ADMISSION OPEN 2024 - 25
B.TECH | M.TECH | MBA
BBA | BCA | B.Com/B.Com(H) | Polytechnic
B.Sc (PCM/ZBC) | B.Sc (Biotech) | B.Sc (Home Sci.)
GNM/ANM | B.PHARMA | D.PHARMA
Paramedical courses
Diploma in Optometry / Emergency & Trauma
X-Ray Tech/ Dialysis/ Physiotherapy / O.T. Technician
7599471144, 7599471145
10th km, Bareilly - Nainital Rd, U.P.

## डीईओ ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● मतगणना कक्षों में वाटर कूलर और वाटर टैंक की व्यवस्था को कहा

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शनिवार को रोजा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। डीईओ ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम सहित ईवीएम और वीवीपैट से संबंधित सुरक्षा बिंदुओं को चेक किया। सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाए गए। डीईओ ने मतगणना को विधानसभावार बनाए गए कक्षों को देखा।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना कक्षों में वाटर कूलर, वाटर टैंक, कूलर, पंखे सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मतगणना कक्षों सहित परिसर में भी वाटर टैंक, वाटर कूलर की व्यवस्था की जाये। साथ ही मतगणना कक्षों में साफ-सफाई की जाए। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### गर्मी में पानी की बोतलों का किया वितरण

**शाहजहांपुर।** पहल संस्था की ओर से शनिवार को लोगों को पानी की बोतलों का वितरण किया गया। संस्थापक अभिषेक डैनियल ने बताया कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में कई जगहों पर राहगीरों के लिए रास्ते में ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में आम राहगीरों को राहत प्रदान करने के लिए पहल फूड बैंक की ओर से विभिन्न चौक, चौराहे पर रविवार से प्यास बुझाने के लिए ठंडी पानी की बोतलों का वितरण और आरओ पानी की व्यवस्था की जा रही है। अभिषेक का कहना है कि हमारा बस एक उद्देश्य है कि कोई इतनी गर्मी में प्यासा न रहे। मानवता की सेवा का यह कार्य सभी के सहयोग के बिना संभव नहीं है।

आवश्यकता है
दैनिक 'अमृत विचार' बरेली को ऑफिस कार्य हेतु कुशल ड्राइवर की।
अनुभव :- कम से कम 3 से 5 वर्ष का।
वेतन :- योग्यता अनुसार।
सम्पर्क करें
(HR विभाग)
मो. 8476006584

www.anacollege.org
ANA Group of Institutions
•BAMS •B.Sc.Nur. •GNM •B.Pharma •D.Pharma •Polytechnic •M.Tech •B.Tech •M.B.A. •B.B.A. •B.C.A.
ADMISSION OPEN 2024-25
Best Placements in the Region
Campus: 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)
8937002800/8937002805

वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग
VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS VGI BAREILLY
ग्राम कैमुआ, आँवला, बदायूं रोड, बरेली, पिन-243402
यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा संबंद्ध
इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी) दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
हेल्थकेयर क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS
संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम
जी.एन.एम. ए.एन.एम. ओ.टी. टैक्नीशियन
कॉल करें-0581-2510507, 9412193065, 9720282723
नगर कार्यालय
वरदान हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, ईसाईयों की पुलिया, श्यामगंज, बरेली-243001
ई-मेल : vardancollege1@gmail.com | वेबसाईट : www.vardangroupofinstitution.com

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## नर्स के हत्यारोपी शुभम का वीडियो आया सामने, कहा- शादीशुदा हूं, नहीं कर सकता उससे शादी

# ... पहले उसे मारा, अब मैं भी कर लूंगा आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शुभम के सौतेले भाई ने ऑडियो और वीडियो पुलिस को सौंपे

**अमृत विचार :** शहर के पिज्जा हब में नर्स की हत्यारोपी शुभम को तलाश कर रही पुलिस को उसका पेड़ से लटका शव मिला। हत्या या आत्महत्या की आशंकाओं के बीच शुभम का ऑडियो-वीडियो सामने आया जिसमें वह कह रहा है कि हम दोनों (शुभम व नर्स) एक-दूसरे से प्यार करते थे। उससे शादी नहीं कर सकता। पहले उसने नर्स की हत्या की और अब वह आत्महत्या कर लेगा। पुलिस आगे की जांच कर रही है।


मृतक आरोपी शुभम।

चौक कोतवाली के मोहल्ला चारखंभा में स्थित पिज्जा हब के बाथरूम में गुरुवार की शाम पूरनपुर की नर्स का शव मिला था। वह पिज्जा हब में पूरनपुर के गांव पड़रिया के शुभम शुक्ला के साथ आई थी। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शुभम शुक्ला और एक अज्ञात के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, हत्या और हब मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। शनिवार की सुबह शुभम का शव उसके गांव पडरिया में पेड़ से लटका मिला।

### शुभम के साथ चले गए हत्या से जुड़े राज

एसपी के निर्देश पर एसओजी और पुलिस टीमें आरोपी शुभम शुक्ला की तलाश कर रही थीं। नर्स के पिता ने गैंगरेप और हत्या के आरोप लगाये लेकिन पुलिस सोच रही थी आरोपी के पकड़े जाने पर खुलासा किया जाएगा। पुलिस को उम्मीद थी कि शुभम के पकड़े जाने के बाद पता लगेगा कि ऐसी क्या परिस्थिति बनी कि नर्स की हत्या कर दी। साथ ही नर्स के पिता ने जिस दूसरे व्यक्ति का जिक्र एफआईआर में किया है वह सच में था कि नहीं। पुलिस आरोपी को ढूंढती रही लेकिन उसका पेड़ पर लटका शव मिला।

### अब मोबाइल पर लगी है खुलासे की उम्मीद

अब शुभम और नर्स के मोबाइल से उम्मीद की जा सकती है कि दोनों की मौत के हालातों को बयां करे ।पुलिस को शुभम का मोबाइल मिल गया है, लेकिन उसकी स्क्रीन टूटी हुई है। दोनों के मोबाइल की कॉल डीटेल और वाट्सएप चैट पुलिस की जांच में उपयोगी साबित होंगे।

आरोपी शुभम ने शुक्रवार सुबह पांच बजे ऑडियो- वीडियो अपने सौतेले भाई कृष्ण कुमार को भेजा था। जिसमें उसने कहा कि हम दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे। लेकिन मैं शादीशुदा हूं। मेरा एक बच्चा भी है, इसलिए उससे शादी नहीं कर सकता। साथ ही नर्स और अपने परिवार को धोखा नहीं दे सकता था।

> शुभम शुक्ला का शवपडरिया में पेड़ से लटका मिला है। उसने मरने से पहले आडियो और वीडियो बनाकर सौतेले भाई कृष्ण कुमार को भेजा था। वीडियो में वह कह रहा है कि हम दोनों ने साथ-साथ मरने को सोचा था, लेकिन पहले उसने नर्स की हत्या कर दी और अब वह सुसाइड कर लेगा। जांच की जा रही है।
>
> – संजय कुमार एएसपी सिटी

दोनों ने साथ मरने की सोची थी, लेकिन उसने गलत कदम उठाते हुए नर्स की हत्या कर दी। अब वह खुद पड़रिया के जंगल में पेड़ से लटककर आत्महत्या कर लेगा। कृष्ण कुमार ने आडियो और वीडियो पुलिस को सौंप दिए।

### लोकेशन पता चलने पर परिजन करते रहे तलाश... सुबह लटकी मिली लाश

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** शनिवार सुबह आरोपी शुभम का फंदे से लटका शव मिलने के बाद पूरनपुर कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेज दिया था। पोस्टमार्टम हाउस पर उसके पिता राजेंद्र अन्य रिश्तेदारों के साथ आए थे। उनका कहना था कि शुभम का किसी युवती से संपर्क था या नहीं उन्हें कुछ पता नहीं था। घटना के दिन घर से वह सभी को अलग-अलग जानकारी देकर निकला था। देर रात पुलिस की टीम घर पहुंची और पूरी घटना बताई। शुभम के दोनों भाईयों को हिरासत में लेकर चली गई। इसके बाद से उसकी तलाश कर रहे थे। मोबाइल पर कॉल करनेका प्रयास किया लेकिन नंबर स्विच ऑफ बताता रहा। दो दिन पहले पुलिस से पता चला था कि गांव के दो किमी के आसपास लोकेशन मिल रही है। इस पर भी कई जगह तलाश की थी। परिवार का कहना है कि सुबह शव मिलने पर जब वह पहुंचे तो पुलिस पहले से मौजूद थी। पुलिस से पता चला कि देर रात शुभम ने अपना मोबाइल ऑन किया तो उसकी लोकेशन ट्रेस हो गई थी। बाग से उसकी बाइक भी बरामद हुई है जिसकी चाबी उसकी जेब से मिली।

### नर्स के परिजन बोले- दोषियों पर हो कार्रवाई

मृतक स्टाफ नर्स के परिवार वालों का कहना है कि उन्हें न्याय मिलना चाहिए। किसी निर्दोष को वह फंसाना नहीं चाहते लेकिन उनकी बिटिया की मौत के जो जिम्मेदार है। उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। घटना में अन्य लोग भी शामिल हैं। आरोपी के एक रिश्तेदार की जानकारी में घटना हुई है। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। युवती के चाचा ने बताया कि आरोपी भतीजी को काफी समय से परेशान कर रहा था। उसने मोबाइल से फोटो एडिट कर उसे बदनाम करने की धमकी भी दी थी। डरा धमका कर उसका मोबाइल भी ले लिया था जो उसे भाई ने रक्षाबंधन पर उपहार स्वरूप दिया था। गुरुवार को वह अपनी ननिहाल से मौसी के साथ आरोपी से अपना मोबाइल वापस लेने ही गई थी। इस दौरान उसकी हत्या कर दी गई। ये भी बताया कि युवती तो शादी करने की इच्छा जता रही थी। इस पर उसके लिए परिवार लड़का भी तलाश रहा था।

## एक नजर

### 24 घंटे सुचारू रखें सीसीटीवी पुलिस ने दिए निर्देश

**तिलहर।** शाहजहांपुर के एक पिज्जा हब में दो दिन पूर्व नर्स की हत्या से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा है। तिलहर में भी हाईवे किनारे कुछ होटल संचालक युवक युवतियों को हजार रुपये प्रति घंटे की दर से कमरे उपलब्ध कराते हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उपनिरीक्षक अनुज चौधरी ने पुलिस बल के साथ शनिवार को हाईवे किनारे स्थित सभी रेस्टोरेंट और होटलों में सघन तलाशी अभियान चलाया। दरोगा ने चेताया कि सीसीटीवी 24 घंटे चले और बिना आधार कार्ड के यदि कोई होटल संचालक कमरा उपलब्ध करवाता है उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### रंजिशन ससुर व बहू को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला मंघईटोला निवासी राजमाला ने बताया कि उसके ससुर हरिओम रेलवे फाटक पर खड़े होकर रिक्शे का इंतजार कर रहे थे। मोहल्ला वजीरगंज के अमानत, मंघई टोला के अजय आदि आए और उसके ससुर को गाली देने लगे। ससुर आरोपियों के घर शिकायत करने गए तो उनके साथ मारपीट की गई। वह उन्हें बचाने गई तो आरोपी उसे घर में खींच कर ले गए और डंडों से मारा पीटा। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी अमानत, अजय, अभिषेक, विजय समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# खेत पर शौच करने गए बालक का झाड़ी में पड़ा मिला शव

## सेहरामऊ दक्षिणी के कहेलिया गांव की घटना, काला पड़ गया था शरीर, कुछ जगह पर थे फफोले के निशान

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कहेलिया गांव में दस वर्षीय बालक खेत पर शुक्रवार दोपहर शौच करने के लिए गया। शाम को उसका शव नहर किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। उसका शरीर काला पड़ गया था और झुलसा जैसा लग रहा था। सीओ सदर तथा एसओ मौके पर पहुंचे और उसके परिवार वालों से जानकारी की। शनिवार देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा प्रिजर्व किया गया है।

सेहरामऊ दक्षिणी के गांव कहेलिया निवासी दीपक कुमार हिमाचल प्रदेश में नौकरी करते है। उसकी पत्नी बबली की रिश्तेदारी में बादशाहनगर में मौत हो गई थी। शुक्रवार की नौ बजे वह अपने पुत्र अमितेश(10) व आयुष तथा पुत्री को छोड़कर वहां चली गई थी। इधर सुबह दस बजे अमितेश ने बड़े भाई आयुष से कहा कि शौच करने के लिए जा रहा है। वह पानी की बोतल लेकर खेत पर शौच करने के लिए चला गया। दोपहर दो बजे तक वह घर वापस नहीं लौटकर आया तो भाई-बहन को चिंता हुई। आयुष के दादा सुरेंद्र बाग में आम की रखवाली कर रहे थे। आयुष ने अपने दादा से बाग में जाकर कहा कि खेत पर अमितेश अभी शौच करने गया था लेकिन लौटकर नहीं आया है। उन्होंने अमितेश की मां बबली को सूचना दी। वह चार बजे लौटकर आई। परिवार वालों ने इधर-उधर तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। शाम छह बजे गांव के किनारे नहर के पास बच्चे किक्रेट खेल रहे थे। बच्चों ने देखा कि अमितेश का शव पड़ा है। बबली मौके पर गई और शव की शिनाख्त बेटे अमितेश के रूप में की। गांव के प्रधान विजय कुमार पहुंचे और शव को उठाकर घर ले आए। उसका शरीर काला था और सीने पर काले फफोले के निशान थे। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना रात साढ़े आठ बजे दी। पुलिस ने कहा कि सुबह पंचनामा भरा जाएगा। इधर मृतक अमितेश के दादा सुरेंद्र थाने पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। एसओ रोहित सिंह ने मृतक की मां तथा दादा से जानकारी की। परिजनों ने बताया कि कुछ लोगों से रंजिश चलती है लेकिन हत्या का आरोप ऐसे किसी पर नहीं लगा सकते है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने पर तहरीर दी जाएगी। शनिवार शाम आई रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा प्रिजर्व किया गया है।


पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम परिजन। ● अमृत विचार

- परिजन बोले- कुछ लोगों से है रंजिश, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद देंगे तहरीर

> बालक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसमें मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा प्रिजर्व किया गया। विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का सही कारण पता चलेगा। परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं आई है। – रोहित सिंह, थानाध्यक्ष

### गेंद पहुंचने पर हुई जानकारी

नहर के किनारे कहेलिया गांव के बच्चे शाम छह बजे किक्रेट चल रहे थे। गेंद झाड़ी में पहुंच गई। एक बालक गेंद उठाने के लिए गया तो देखा कि एक शव पड़ा है। शव देखकर वह घबरा गया और शोर मचाया। लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने देखा कि उसका शव चित पड़ा था और पानी की बोतल उसके पास पड़ी थी और नेकर व शर्ट पहने हुए था। उसने नेकर में शौच कर दी थी। पुलिस आशंका व्यक्त कर रही है कि झाड़ी में शौच करने के लिए जा रहा होगा और पैर में सांप ने डस लिया होगा। जिससे उसकी मौत हो गई।

### 12 घंटे बाद पंचनामा भरने गई पुलिस

मृतक अमितेश के दादा सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शव मिलने के बाद रात आठ बजे सेहरामऊ दक्षिणी थाने को सूचना दे दी थी। पुलिस ने कहा था कि सुबह पंचनामा भरा जाएगा। उन्होंने प्रधान को भी सूचना दी थी। प्रधान ने भी फोन पर थाने बात की थी। पुलिस सुबह छह बजे तक नही आई तो दादा थाने पर सुबह सात बजे गए। थाने पर लिख दिया कि अमितेश के शव का पंचनामा कराया जाएगा। जबकि गांव से थाना तीन किलोमीटर दूर है। पुलिस को इतनी फुर्सत नहीं मिली कि रात में जाकर शव का पंचनामा भर दे। पुलिस ने 12 घंटे बाद पंचनामा भरा। एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि परिवार वालों ने सूचना थाने पर सूचना दी थी।

## दरवाजे पर बैठे ग्रामीण को दबंगों ने पीटा

**जलालाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव डोलपुर निवासी राजेश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि वह 22 मई को अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के कुछ लोगों ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे उसका सिर फट गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पत्नी को भी चोट आई है। पीड़ित ने कोतवाल में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी, पर पुलिस ने अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी कच्ची शराब की बिक्री करता है। वह दलित है। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को भी शिकायती पत्र भेजकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।


घायल राजेश कुमार।

# रिमझिम बारिश ने दी गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रिमझिम बारिश होने से शनिवार शाम गर्मी से राहत मिली। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों ने चैन की सांस ली। दूसरी ओर शहर में जगह-जगह नालियां चोक हो गईं, जिससे जल भराव की स्थिति देखने को मिली। हालांकि कुछ देर बाद नगर निगम की टीमें पानी निकालने के लिए उतर गईं। बढ़ती गर्मी से लोगों को शनिवार को राहत मिली। पिछले एक महीने से शहर के लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल लग रहे थे।

सुबह से दोपहर तक लोग भीषण गर्मी का अनुभव कर रहे थे। बारिश के बाद लोगों को राहत मिली। शाम को लगभग पांच बजे आसमान हल्के बादलों ने डेरा डाल लिया। इससे पहले दिन भर रुक रुककर धूप देखने को मिल रही थी। हालांकि उमस भरी गर्मी आमजन के पसीने छुड़ाती रही। शाम होते ही तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश होना शुरू हो गई, जिसके बाद उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली-मोहल्लों की सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल छाए रहे। तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव से शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा।


बारिश में हुए जलभराव में खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

- शाम को अचानक हुई बारिश से हुआ जलभराव, नालियां हुई चोक

## चूने के छींटे पड़ने पर पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला रोशनगंज निवासी हरिओम ने बताया कि उसके घर के पास ओम निवास का खोखा है। वह पुड़िया आदि बेचता है। खोखे पर अराजक तत्व खड़े रहते है। पीड़ित ने बताया कि तीन दिन पूर्व उसके घर पर पुताई का काम चल रहा था। खोख मालिक के ऊपर चूने की छीटे पड़ गयी। इस बात को लेकर खोखा मालिक गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ओम निवास आदि ने उसे धारदार हथियार से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी ओम निवास, अंशुल, हिमांशु समेत पांच के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# हत्या के मुकदमे में एक अभियुक्त को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- वर्ष 2007 में निगोही के गांव रेभा में गोली मार कर की गई थी हत्या
- न्यायाधीश ने अभियुक्त पर 17 हजार का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार:** निगोही क्षेत्र के गांव रेभा में वर्ष 2007 में हुई हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 43 के न्यायाधीश ने दोष सिद्ध होने पर एक अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा और 17 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना निगोही के गांव रेभा निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि उसकी मौसेरी बहन के ससुर जगदीश यादव के पोते यानि उसके भांजे का जन्म हुआ था। इसी उपलक्ष्य में जगदीश अपने घर मदनापुर के नवादा रूद्रपुर से मिठाई लेकर आए थे। छह जून 2007 को रात करीब 9: 45 बजे वह सत्यपाल, जगदीश और संतोष नीम के नीचे बैठे थे। तभी गांव के रिषीपाल ने उसके मौसा सत्यपाल से हंसी मजाक कर दी, जिस पर मौसा ने कहा कि इज्जत सभी की होती है और हर वक्त मजाक ठीक नहीं होती है। इसी बात पर कहासुनी होने लगी और रिषीपाल ने उन्हें गालियां देनी शुरू कर दीं।

विरोध करने पर रिषीपाल अपनी लाइसेंसी राइफल लेकर साथी भोला के साथ भोला के मकान की छत पर चढ़ गया और दोनों ने जान से मारने की नीयत से रात दस बजे जान से मारने की नीयत से फायर कर किए जो सत्यपाल के गर्दन में लगे जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्रमोद ने परिजनों के साथ निगोही थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिषीपाल और भोला के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के उपरांत दोनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेज दिए। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 43 कोर्ट में शुरू हुई।जहां मुकदमा चलने के दौरान गवाहो के बयान और शासकीय अधिवक्ता राजीव अवस्थी व श्रीपाल वर्मा के तर्को को सुनने के बाद पत्रावली का अवलोकन कर न्यायाधीश ने अभियुक्त रिषीपाल को हत्या का दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा और 10 हजार रुपये का अर्थदंड और लाइसेंसी हथियार का अपराध में उपयोग किए जाने का दोषी पाए जाने पर तीन वर्ष का कारावास और पांच हजार रुपये का अर्थदंड व लाइसेंस की शर्त का उल्लंघन किए जाने पर छह माह का कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।वहीं दूसरे आरोपी भोला की मुकदमा विचारण के दौरान मृत्यु हो गई।

# रिश्वत न देने पर फर्जी केस दर्ज कराने का आरोप

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव में लेखपाल की मांग पूरी न कर पाने पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का मामला सामने आया है। पीड़ित लेखपाल की ओर से मांगी गई रिश्वत की क्लिप अधिकारियों को सुनाने पर टीम बनाकर मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

मिर्जापुर क्षेत्र के थरिया गांव में कश्मीर उर्फ कल्लू ने पत्नी उपासना के नाम मार्च 2024 में बैनामा कराया था। पहले से अधबनी जमीन पर कल्लू ने निर्माण कार्य कराया। एक लेखपाल की ओर से भूमि को सरकारी बताकर काम रोकने के लिए कहा गया। पीड़ित का कहना है कि गाटा संख्या 356 खरीदा गया है जबकि गाटा संख्या 355 सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है, जिससे उसका कोई लेना-देना नहीं है। पीड़िता का आरोप है कि काम शुरू करने के बदले 50 हजार रुपये की मांग की गई। पीड़ित ने 30 हजार रुपये देने की पेशकश की, जिसकी ऑडियो क्लिप उसके पास है। जिस पर लेखपाल ने पूरे पैसे देने के बाद ही काम शुरू करने के लिए कहा। आरोप है कि रुपये न दे पाने पर गुरुवार को मिर्जापुर थाने में लेखपाल ने कश्मीर उर्फ कल्लू के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया। शुक्रवार को पीड़ित की ओर से लिखित शिकायत एसडीएम व तहसीलदार से की गई। अधिकारियों ने छह सदस्यीय टीम गठित कर सही गाटा संख्या की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही तहसीलदार की ओर से आदेश में कहा गया है कि राजस्व निरीक्षक व लेखपाल ने पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमि पर क्यों रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीडब्ल्यूडी कर्मचारी विभाग के किसी कर्मचारी की ओर से क्यों नहीं कराई गई है। इसकी जांच के आदेश दिए है।



- लेखपाल ने पूरे पैसे देने के बाद ही काम शुरू करने को कहा, रुपये न दे पाने पर लिखाई रिपोर्ट
- पीड़ित की शिकायत पर छह सदस्यीय टीम गठित कर सही गाटा संख्या की जांच के आदेश दिए

# जानलेवा हमले का एक आरोपी पकड़ा

संवाददाता, मदनापुर

**अमृत विचार :** बिरिया फत्तेहपुर गांव में बरात में डीजे पर डांस के समय हुए विवाद में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मदनापुर थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि 23 मई को गांव बिरिया फत्तेहपुर में प्रधान अमर सिंह की पुत्री की शादी थी। इस दौरान डीजे पर महिलाएं नाच कर रही थी। गांव के कुछ लोग डीजे पर लाकर महिलाओं के साथ नाचने लगे थे। बुधपाल के विरोध करने पर गांव वालों ने उसके ऊपर जानलेवा हमला करके घायल कर दिया था। प्रधान अमर सिंह ने बंगाली सिंह निवासी बिररिया फत्तेहुपर थाना मदनापुर समेत नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। प्रभारी निरीक्षक को शनिवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि आरोपी बंगाली सिंह जलालाबाद रोड पर यात्री के प्रतीक्षालय के पास खड़ा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक राम किशोर तथा यशपाल सिंह थे।


पुलिस हिरासत में आरोपी बंगाली सिंह।

- बिरिया फत्तेहपुर में डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद का मामला

### गला घोंटकर मारने के प्रयास का आरोप

**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव इमलिया खुर्द निवासी रजनी ने तहरीर देकर बताया कि उसकी तीन साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग मिलकर उसके साथ कई बार मारपीट कर चुके हैं। शुक्रवार रात को आरोपियों ने उसे गला घोंटकर और गर्भ में पल रहे शिशु की पेट पर लात मारकर हत्या करने का प्रयास किया। जब रात में उसे होश आया तो उसने अपने मायके वालों को फोन किया और मायके चली आई। पीड़िता ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।



## दहेजलोभियों ने दो बहुओं को पीटकर घर से निकाला

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर ससुराल वालों ने दो बहुओं को मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रोजा थाना क्षेत्र के लोदीपुर निवासी शायमा ने रामचंद्र मिशन में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका निकाह 21 दिसंबर 23 को तौफीक निवासी रौसरकोठी थाना रामचंद्र मिशन के साथ हुई थी। उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से बाइक मंगाकर दो। उसने असमर्थता जतायी ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि ससुराल वालों ने 22 मार्च को मारा पीटा घर से निकाल दिया। आरसी मिशन प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि तौफीक समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इधर रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला तहवरगंज निवासी काजल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो साल पहले उसकी शादी विवेक शर्मा निवासी नवी पुरवा जिला हरदोई के साथ हुई थी। शादी में चार लाख रुपये खर्च हुए थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से दो लाख रुपये तथा बाइक मंगाकर दो। पीड़िता ने कहा कि मायके वाले नहीं दे पाएगे। ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और सात मार्च को घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति विवेक शर्मा समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# आईटीआई कॉलोनी में हुई चोरी में एक चोर गिरफ्तार, दो फरार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 40700 रुपये बरामद, दो आरोपी जेवर लेकर निकल गए दिल्ली

**अमृत विचार :** आईटीआई कॉलोनी में दो घरों में हुई चोरी का रोजा पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए चोर के कब्जे से 40700 रुपये बरामद किए है। उसके दो साथी चोरी का जेवर लेकर दिल्ली भाग गए है। पुलिस फरार दोनों चोरों की तलाश कर रही है।

रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि 21 मई की रात में आईटीआई कॉलोनी निवासी मोहित तथा कुंदन के घर घुसे चोर नगदी समेत लाखों रुपये का जेवर चुराकर ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस चोरों की सुरागरसी में लगी हुई थी। मामले में रजनीश निवासी आईटीआई कॉलोनी थाना रोजा, मोहित निवासी मठिया कॉलोनी रोजा तथा कुंदन निवासी बल्लिया प्रकाश में आए थे। पुलिस ने शनिवार की सुबह आरोपी रजनीश को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 40700 रुपये बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि तीनों ने मिलकर दोनों घरों में चोरी की थी। चोरी की धनराशि में उसे 45000 दिए थे तथा कुछ रुपये खर्च कर लिए। जेवर का बंटवारा बाद में कर लेंगे। दोनों अभियुक्त चुपचाप ट्रेन से दिल्ली चले गए है। पुलिस ने अभियुक्त रजनीश का चालान कर दिया। उप निरीक्षक वेदपाल सिंह, हेकां ओमकार सिंह, गौरव कुमार थे।


पुलिस हिरासत में चोरी का आरोपी।

### कमरे से कृषि यंत्र चोरी

**मदनापुर।** थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर गौटिया निवासी राधेश्याम ने बताया कि उसने खेत पर एक कमरे बना रखा है। कमरे में कृषि यंत्र आदि सामान रख रखा है। शुक्रवार की रात में चोरों ने कमरे का ताला तोड़ दिया और कृषि यंत्र चुरा लिया। उन्होंने थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आरपीएफ ने गिरफ्तार किए तीन चोर

**शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र की मठिया कॉलोनी में शनिवार की सुबह आरपीएफ ने छापा मारकर तीन चोरों को हिरासत में लेकर रेलवे से चोरी किया गया माल बरामद कर लिया है। आरपीएफ ने तीनों चोरों का चालान कर दिया है। रोजा क्षेत्र में रेलवे के सामान का चोरी करने का गिरोह गत वर्षों से सक्रिय है। गैंग में महिलाएं भी शामिल हैं, लेकिन आरपीएफ अनदेखी करती रही। चौकी प्रभारी के स्थानांतरण के बाद शाहजहांपुर से आए कार्यवाहक चौकी प्रभारी वीरभद्र सिंह ने शनिवार की सुबह रोजा क्षेत्र के मठिया कालोनी में चोरों के ठिकाने पर दल-बल के साथ छापा मार कर तीन चोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान चोरों ने कई चोरियों का खुलासा किया है। बताया जाता है कि चोरों के तार हरदोई से भी जुड़े हैं। सूत्रों की माने तो आरपीएफ ने रोजा के आदर्श नगर कॉलोनी निवासी दो चोर सहित एक ई रिक्शा चालक को हिरासत में लेकर मक्का सहित अन्य माल बरामद किया है। बताया जाता है कि तीनों चोरों का चालान कर दिया है।

